**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक-15.08.2026**

- **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 03 अदद घण्टा (मंदिर के) पीली धातु व ₹ 800 बरामद किये गये।**

कृपया सादर अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण एवं घटनाओं की रोकथाम तथा अभियोगों के सफल अनावरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गजनेर पुलिस द्वारा वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 0193/2026, धारा 303(2) बीएनएस, एवं मु0अ0सं0 0200/2026, धारा 303(2) बीएनएस, पंजीकृत किये गये थे। उक्त अभियोगों में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना गजनेर पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। आज दिनांक 15.08.2026 को थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त अखिलेश पुत्र जयनरायण तिवारी, निवासी ग्राम उस्मानपुर जमरेही, थाना गजनेर, जनपद कानपुर देहात, उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ़्तारी और बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैंने इसी माह की 10 तारीख की रात्रि में अपने ही ग्राम स्थित पुराने भोले शंकर जी के मंदिर से ये घंटे चोरी किये थे। आज मैं इन घंटों को मूसानगर बाजार में बेचने के लिए जा रहा था, तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। जब बरामद 800 रुपयों के बारे में पूछा गया तो बताया गया कि माह जुलाई में मैने कौसम गांव के बाहर बने एक पावर प्लांट से कॉपर के तार काट कर 1800 रुपयों में बेच दिया था उसी के बचे हुए रुपये है बाकी के पैसों को अपनी शौक मौज में खर्च कर लिया था इतना कहते हुये अपने जुर्म की माफी मांगने लगा।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अखिलेश पुत्र जयनरायण तिवारी, निवासी ग्राम उस्मानपुर जमरेही, थाना गजनेर, जनपद कानपुर देहात, उम्र करीब 30 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

- 03 अदद घण्टा (मंदिर के) पीली धातु।

- 800/- रुपये।

**<u>अभियुक्त अखिलेश उपरोक्त का अपराधिक इतिहास-</u>**

1-मु0अ0स0 0200/2026 अन्तर्गत धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात

2-मु0अ0स0 0193/2026 अन्तर्गत धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-</u>**

1. उ0नि0 श्री ललित कुमार चौकी प्रभारी मंगटा थाना गजनेर कानपुर देहात
2. हे0का0 118 दीपक
3. का0 1128 प्रदीप कुमार